अध्याय- 3

# राज्य शासन कैसे काम करता है

इकाई- 2

## राज्य सरकार
## State Government

# NCERT Based

## CLASS - VIIth (Polity)



By : Karan Sir

# इकाई - 2, अध्याय- 3

# राज्य शासन कैसे काम करते हैं

# How the State Govt. Works

# राज्य शासन कैसे काम करता है

पिछले वर्ष हमने यह चर्चा की थी कि शासन तीन स्तरों पर काम करता है – स्थानीय, राज्य और केंद्र। हमने कुछ विस्तार के साथ स्थानीय शासन के कार्यों के बारे में जाना भी था। इस अध्याय में हम जानेंगे कि राज्य स्तर पर शासन कैसे कार्य करता है। लोकतंत्र में राज्य का शासन किस तरह किया जाता है? विधानसभा सदस्यों और मंत्रियों की क्या भूमिका है? लोग शासन के सामने अपने विचार कैसे रखते हैं या किसी कार्य की माँग कैसे करते हैं? हम इन प्रश्नों पर विचार करने के लिए 'स्वास्थ्य' का उदाहरण लेते हैं।

# How the State Government Works

Last year, we discussed the fact that government works at three levels – local, state and national – and looked at the work of local government in some detail. In this chapter, we examine the work of the government at the state level. How does this take place in a democracy? What is the role of a Member of the Legislative Assembly (MLA) and Ministers? How do people express their views or demand action from government? We look at these questions through the example of health.




## जिम्मेदारी किसकी?





## WHOSE RESPONSIBILITY?




"...कई गाँवों में लोग गंदला पानी पीते हुए पाए गए। नदी-नाले और तालाब सूख गए हैं। बुरी तरह से प्रभावित इलाकों में गाँव के लोग दूर-दूर से पानी लेकर आ रहे हैं।"


"...In many villages, people were found to be drinking unclean water. Streams have dried up, and so have tanks. In the worst-affected areas, villagers have been carrying water across great distances."



"जिला मुख्यालय, पातालपुरम में लोगों को तीन दिन में एक बार पानी की सप्लाई दी जाती है। यहाँ का जिला चिकित्सालय मरीज़ों से अटा पड़ा है। इनमें बड़ी संख्या में हैज़े से पीड़ित बच्चे हैं।"


"People at the district HQ Patalpuram receive water supply once in three days. The District Hospital here is overflowing with patients – a large number of whom are children with acute diarrhoea..."
2018-19



टी.वी. पर समाचार में बताया गया था कि हैजे से दस लोगों की मृत्यु हो गई। क्या ऐसा हो सकता है? क्या कोई सचमुच इससे मर सकता है?
क्या पता? बस मुझे न हो जाए यह बीमारी!


On the TV news, they said ten people have died from diarrhoea! Is that possible? Can one really die from it?
Who knows? Just hope I don't get it!

उस दिन दोपहर में...




That afternoon...



अचानक...






Suddenly...




रैली के कारण यह सड़क बंद है। रैली वालों ने विधायक के घर का घेराव कर लिया है।
सचमुच। लेकिन क्यों? उन्होंने कुछ कर दिया है क्या?
हा-हा, ये लोग तो उस काम पर गुस्सा दिखा रहे हैं, जो उन्होंने नहीं किया है!


This road is blocked due to the rally. They have *gheraoed* the MLA's residence.
Really! Why? Has he done something?
Ha ha – they seem more angry about what he hasn't done!


...और हम यह माँग करते हैं कि अधिकारी तुरंत स्वास्थ्य की स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए कदम उठाएँ। हमारे विधायक को इसकी ज़िम्मेदारी लेनी पड़ेगी!


...and we demand that the authorities take immediate action to bring the public health situation under control! Our MLA must take the responsibility for this!


कैसी ऊँची आवाज़ है इनकी... ये कोई नेता-वेता होंगे...
श् श् श्... मैंने इन्हें टी.वी. पर भी देखा है। ये विरोधी दल के हैं।


What a loud voice he has...he must be a leader or something...
Shh...I saw him on TV too. He is a member of the Opposition!

## विधायक कौन होता है?


उपरोक्त भाग में आपने पातालपुरम् की कुछ घटनाओं के बारे में पढ़ा। आप शायद जिलाधीश, चिकित्सा अधिकारी जैसे अधिकारियों के नामों से परिचित भी होंगे। परंतु क्या आपने विधायक और विधानसभा के बारे में सुना है? क्या आप अपने क्षेत्र के विधायक यानी एम.एल.ए. से परिचित हैं? क्या आपको पता है कि वे किस पार्टी के हैं?

विधानसभा के सदस्य को 'विधायक' (एम.एल.ए.) कहा जाता है। एम.एल.ए., 'मेम्बर ऑफ लेजिस्लेटिव असेंबली' का संक्षिप्त रूप

## Who is an MLA?

In the above section, you have read about some events in Patalpuram. You may be familiar with some official names such as Collector, Medical Officer, etc. But have you heard of an MLA and the Legislative Assembly? Do you know the MLA of your area? Can you identify which party she or he belongs to?

Members of the Legislative Assembly (MLAs) are elected by the people. They then become members of the legislative assembly and also form the



AP
M.P
कर्नाटक
बिहार
UP
लोकसभा
LokSabha
राज्यसभा
R.S
States
राज्य
विधान परिषद
Legislative Council
विधानसभा
Legislative Assembly
MLA
राज्य विधानमंडल
Legislative

पातालपुरम में क्या हो रहा है?

यह समस्या इतनी गंभीर क्यों है?

आपके विचार से उपर्युक्त स्थिति में क्या कदम उठाए जा सकते हैं या क्या किया जा सकता है और आपके अनुसार किसे यह कार्य करना चाहिए। आप इस बारे में क्या सोचते हैं?

What is happening in Patalpuram ?

Why is this problem serious?

What action do you think can be taken in the above situation and who do you think should take this action? Discuss.

Assembly = MLA
सभा

Council = MLC
परिषद

अपने शिक्षक के साथ इन शब्दावलियों पर चर्चा कीजिए- आमसभा, भारत के राज्य, निर्वाचन क्षेत्र, बहुमत, सत्तारूढ़ दल और विरोधी दल।

क्या आप अपने राज्य के संदर्भ में इनके उदाहरण दे सकते हैं- बहुमत, सत्तारूढ़ दल और विरोधी दल?

Discuss the following terms with your teacher-public meeting, States in India, constituency, majority, ruling party and opposition.

Can you explain the following terms-majority, ruling party, opposition with reference to your state.






ऊपर दिए गए नक्शे में हिमाचल प्रदेश को जामुनी रंग से दिखाया गया है।

इस पुस्तक के पृष्ठ 111 पर दिए गए भारत के नक्शे में पेंसिल से इनकी आकृति बनाइए–

(i) आप जिस राज्य में रहते हैं उसकी

(ii) हिमाचल प्रदेश राज्य की।

*The state of Himachal Pradesh is coloured in purple in the above thumbnail map of India.*


*Using a pencil outline the following on the map given on page 123:*

*(i) the state that you live in;*


*(ii) the state of Himachal Pradesh.*

है। एम.एल.ए का चुनाव जनता द्वारा किया जाता है। फिर वे लेजिस्लेटिव असेंबली के मेंबर यानी विधानसभा के सदस्य बन जाते हैं और सरकार बनाते हैं। इस प्रकार से हम कह सकते हैं कि विधायक जनता का प्रतिनिधित्त्व करते हैं। नीचे दिए गए उदाहरण से यह बात और अधिक स्पष्ट हो जाएगी।

government. In this way we say that the MLAs represent people. The example below will help us understand this better.



UP
Bihar
200
200 seats
विधानसभा
Legislative Assembly
BJP
Cong




200 - विधानसभा
MCA
200 MCA
50+1 = 101 - MCA
BJD+RJE
70 - BJP
30 - RJD
35 - JDU
40 - Congres
20 - AAP
5 - निर्दलीय
विपक्ष

भारत के हर राज्य में एक विधानसभा है। हर राज्य कई निर्वाचन क्षेत्रों में बँटा हुआ है। उदाहरण के लिए, यहाँ दिए गए मानचित्र को देखिए। इसमें दर्शाया गया है कि हिमाचल प्रदेश 68 निर्वाचन क्षेत्रों में बँटा है। हर **निर्वाचन क्षेत्र** से जनता एक प्रतिनिधि चुनती है, जो विधानसभा का सदस्य यानी विधायक बन जाता है। आपने ध्यान दिया होगा कि चुनाव में लोग अलग-अलग पार्टियों के नाम से खड़े होते हैं। इसलिए ये विधायक अलग-अलग राजनीतिक दलों के होते हैं।

Every state in India has a Legislative Assembly. Each state is divided into different areas or constituencies. For example, look at the map below. It shows that the state of Himachal Pradesh is divided into 68 assembly constituencies. From each **constituency**, the people elect one representative who then becomes a Member of the Legislative Assembly (MLA). You would have noticed that people stand for elections in the name of different parties. These MLAs, therefore, belong to different political parties.

जो लोग विधायक होते हैं, वे मंत्री या मुख्यमंत्री कैसे बन जाते हैं? जिस राजनीतिक दल के विधायक आधे से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में जीत जाते हैं, राज्य में उस दल को **बहुमत** में माना जाता है। बहुमत प्राप्त करने वाले राजनीतिक दल को सत्ता पक्ष और अन्य सबको **विरोधी पक्ष** वाला कहा जाता है। उदाहरण के लिए हिमाचल प्रदेश की विधानसभा में विधायकों के 68 निर्वाचन क्षेत्र हैं।

How do people who are MLAs become ministers or chief minister? A political party whose MLAs have won more than half the number of constituencies in a state can be said to be in a **majority**. The political party that has the majority is called the ruling party and all other members are called the **opposition**. For example, the Legislative Assembly of the state of Himachal Pradesh has 68 MLA constituencies.


Jammu and Kashmir
Punjab
Uttarakhand

**हिमाचल प्रदेश में 2017 में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम**

| राजनीतिक दल | चुने गए सदस्यों की संख्या |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी (बी.जे.पी.) | 44 |
| इंडियन नेशनल काँग्रेस (आई.एन.सी.) | 21 |
| कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) | 1 |
| निर्दलीय (जो किसी पार्टी के नहीं हैं) | 2 |
| **कुल योग** | **68** |

**Results of the Assembly Elections in Himachal Pradesh in 2017**


| Political party | Number of MLAs elected |
|---|---|
| Bharatiya Janata Party (BJP) | 44 |
| Indian National Congress (INC) | 21 |
| Communist Party of India (Marxist) | 1 |
| Independents (who don't belong to any party) | 2 |
| **Total** | **68** |


विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने 2017 का विधानसभा चुनाव जीता और वे विधायक बन गए। विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 68 है। इसलिए बहुमत प्राप्त करने के लिए किसी भी राजनीतिक दल को 34 से अधिक विधायकों की आवश्यकता होगी। भारतीय जनता पार्टी के 44 विधायक होने के कारण उन्हें बहुमत मिल गया और वे सत्ताधारी दल के सदस्य बन गए। अन्य सब विधायक विरोधी दल के सदस्य बन गए। इस उदाहरण में इंडियन नेशनल कॉंग्रेस मुख्य विरोधी दल बनी, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के बाद सर्वाधिक विधायक उसी के थे। विरोधी पक्ष में कुछ अन्य पार्टियाँ भी थीं और कुछ निर्दलीय उम्मीदवार भी थे, जो चुनाव जीतकर आए थे।

Candidates from various political parties won the 2017 assembly elections and became MLAs. Since the total number of MLAs in the Legislative Assembly is 68, a political party would have needed to have more than 34 MLAs in order to gain a majority. The Bharatiya Janata Party (BJP) with 44 MLAs had the majority and it became the ruling party. All other MLAs became the opposition. In this case, the Indian National Congress (INC) was the major opposition party, since it had the largest number of MLAs after the BJP. Among the opposition were other parties, including those who had been elected as independent candidates.

चुनाव के बाद सत्ताधारी दल के विधायक अपने नेता का चुनाव करते हैं, जो मुख्यमंत्री बनता है। इस उदाहरण में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने श्री जयराम ठाकुर को अपना नेता चुना और वे मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद मुख्यमंत्री, मंत्रियों का चयन करता है। चुनाव के बाद राज्य का राज्यपाल मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है।

After the elections, the MLAs belonging to the ruling party will elect their leader who will become the chief minister. In this case, the BJP MLAs chose Shri Jairam Thakur as their leader and he became the chief minister. The chief minister then selects other people as ministers. After the elections, it is the Governor of the state who appoints the chief minister and other ministers.





MLA
C.M
6 महीने
Governor
Member
MLA
MLC

भा - Legislative Assembly

403

201


243





200
101
MCA
BJP
BSP
निर्दलीय
C.M
मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों का यह दायित्व है कि वे शासन के विभिन्न विभागों या मंत्रालयों को चलाएँ। उनके अलग-अलग कार्यालय होते हैं। विधानसभा ऐसा स्थान होता है जहाँ सभी विधायक, चाहे वे सत्ताधारी दल के हों अथवा विरोधी दल के, विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के लिए एकत्रित होते हैं। इस तरह कुछ विधायकों की दोहरी ज़िम्मेदारी हो जाती है- एक विधायक के रूप में और दूसरी मंत्री के रूप में। इसके बारे में हम आगे पढ़ेंगे।

The chief minister and other ministers have the responsibility of running various government departments or ministries. They have separate offices. A Legislative Assembly is a place where all the MLAs, whether from the ruling party or from the opposition meet to discuss various things. Hence, some MLAs have dual responsibilities: one as an MLA and the other as a minister. We will read about this further.


200
उ0
CM मंत्री
101
99
Govt.
विपक्ष
OPPosith
विधानसभा
MLA


MLA
C.M
chif minister
MLA
Health
MLA
MLA
मंत्री
Minister
विधान सभा
MLA
MLA
opposition
विपक्ष
सरकार
Govt



200
151
MLA
30
101
1CM
मंत्री 29
3 पार्टी
BJP
AAM
SO
गठबंधन
Colliati

अपने प्रदेश के बारे में वैसे आँकड़े पता कीजिए, जैसे आपने हिमाचल प्रदेश की तालिका में देखें। उन्हें एक तालिका के रूप में दर्शाइए।

राज्य का प्रमुख 'राज्यपाल' कहलाता है। उसकी नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि राज्य सरकार संविधान के नियमों-अधिनियमों के अनुसार अपना कामकाज चलाए। अपने राज्य के राज्यपाल का नाम पता कीजिए।

**Construct a table, similar to the one given for Himachal Pradesh, for your state.**


*The Head of the State is the Governor. She/He is appointed by the Central Government to ensure that the State Government works within the rules and regulations of the Constitution. Find out the name of Governor of your State.*

कई बार सत्ताधारी दल किसी एक पार्टी का न होकर कई पार्टियों से मिलकर बनता है। इसे गठबंधन सरकार कहते हैं। अपने शिक्षक से इस विषय पर चर्चा कीजिए।

At times, the ruling party may not be a single party but a group of parties working together. This is called a coalition. Discuss with your teacher.

## विधानसभा में एक बहस

आफ़रीन, सुजाता और उनके विद्यालय के कई अन्य विद्यार्थियों ने विधानसभा देखने के लिए राजधानी की यात्रा की। विधानसभा एक अत्यंत भव्य तथा प्रभावशाली भवन में स्थित थी। बच्चे बहुत उत्सुक थे। सुरक्षा जाँच के बाद उन्हें ऊपर ले जाया गया। ऊपर एक दर्शक दीर्घा थी जहाँ से वे नीचे के विशाल हॉल को देख सकते थे। हॉल में डेस्कों की अनेक कतारें लगी थीं।




## A debate in the Legislative Assembly

Afreen, Sujata and many other students from their school travelled to the state capital to visit the Legislative Assembly which was housed in an impressive building. The children were excited. After security checks, they were taken upstairs. There was a gallery from where they could see the large hall below. There were rows and rows of desks.


अध्यक्ष का - Legislative Assembly

A = चुनाव Selection

B = मनोनीत Nomination

C = चुने Choose

20




दर्शक दीर्घा


Visitor Gallery

यह विधानसभा उन दिनों की किसी तत्कालीन समस्या पर बहस करने वाली थी। विधानसभा की बहसों में विधायक अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं, संबंधित विषय पर प्रश्न पूछ सकते हैं या सुझाव दे सकते हैं कि सरकार को इस संबंध में क्या करना चाहिए। सदस्य इस विषय पर जो भी प्रतिक्रिया व्यक्त करना चाहें, कर सकते हैं। इसके बाद मंत्री प्रश्नों के उत्तर देते हैं और सदन को आश्वस्त करते हैं कि ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं।


This Assembly was going to have a debate on a current problem. During this time, MLAs can express their opinions and ask questions related to the issue or give suggestions about what should be done by the government. Those who wish to, can respond to this. The minister then replies to the questions and tries to assure the Assembly that adequate steps are being taken.





स्वास्थ्य Health
NMCA
विधानसभा
मंत्री
Angwul
NMCA



सरकार
Government
मंत्री (Health)
स्वास्थ्य
शासन Government
DM
SDM
CMO
विधानसभा
MLA
जनता का प्रतिनिधि
Represtati
जनता



Government
सरकार
C.M
+
Minister
शासन
Governance


C.M Chief Mi.
मंत्री Minister
मंत्री
सरकार
बनाती
विपक्ष
पक्ष
D.M
MLA
जनता


सरकारी कर्मचारी
DM
SDM
सरकार
जनता
प्रतिनिधि
जनता

मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों को निर्णय लेने होते हैं और सरकार चलानी होती है। हम प्रायः उन निर्णयों के बारे में सुनते हैं या समाचार चैनलों अथवा समाचारपत्रों में उन्हें देखते व पढ़ते हैं। हालाँकि जो भी निर्णय लिए जाते हैं, उन्हें विधानसभा के सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया जाना होता है। लोकतंत्र में विधानसभा सदस्य, मंत्रियों व मुख्यमंत्री से प्रश्न पूछ सकते हैं, किसी महत्त्वपूर्ण विषय पर बहस कर सकते हैं, निर्णय ले सकते हैं कि धन कहाँ खर्च किया जाना चाहिए, आदि। इस तरह मुख्य अधिकार उन्हीं का होता है।

The chief minister and other ministers have to take decisions and run the government. We usually hear about them or see them in the news channels or in the papers. However, whatever decisions are being taken have to be approved by the members of the legislative assembly. In a democracy, these members can ask questions, debate an important issue, decide where money should be spent, etc. They have the main authority.



सरकार
Govt
Dm
SDM
विधानसभा

सरकार


DM-कैसा ?

विधानसभा

2ा बहुमत


संसद


अगला


1
2
3
4
5
6
2019-2020


**विधायक 1** – अखंडगाँव के मेरे निर्वाचन क्षेत्र में पिछले तीन हफ़्तों में हैज़े के कारण 15 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। मेरे विचार में सरकार के लिए यह बड़ी शर्मनाक स्थिति है। वह सरकार, जो अपने को प्रौद्योगिकी में सर्वश्रेष्ठ घोषित कर रही है, हैज़े जैसी साधारण बीमारी को रोकने में असफल रही है। मैं स्वास्थ्यमंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूँगा कि वे स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तत्काल ज़रूरी कदम उठाएँ।

**MLA 1:** In my constituency of Akhandagaon, during the last three weeks, there were 15 deaths because of diarrhoea. I think it is a shame that this government has not been able to check the situation of a simple problem like diarrhoea while proclaiming itself to be a champion of technology. I would call the attention of the minister in charge of health to take immediate measures to control the situation.


Govt
सरकार
DM
आदेश
order
सरकार
विधानसभा
MLA
समस्या



मंत्री + CM
Suspend
DM & SDM
विधानसभा
200
MLA
जनता


PM
CM
मंत्री
+
D.M
कार्यों को लागू करते
कार्यपालिका
Executive
B
विधान - Policy
नीति / Policy
विधानसभा
Legislative assembly
MLA
विधायिका
Legislature
A

कार्यपालिका
Executive

कार्य में लाने वाली

स्थायी
Permanent

DM SDM

Non Permanent
अस्थायी
Minister
PM & CM

Legislative
विधायिका
विधि बनाएं
Rules

**विधायक 2** – मेरा प्रश्न यह है कि सरकारी अस्पतालों की दशा इतनी खराब क्यों है? सरकार जिला अस्पतालों में डॉक्टरों व चिकित्सा कर्मचारियों की ठीक से नियुक्ति क्यों नहीं कर रही? मैं यह भी जानना चाहूँगा कि सरकार इस स्थिति का सामना किस प्रकार करने जा रही है, जिससे लोग बड़ी संख्या में प्रभावित हैं और यह संख्या बढ़ती ही जा रही है? अब यह महामारी का रूप ले चुकी है।

**MLA 2:** My question is why are government hospitals in such a bad situation? Why is the government not appointing proper doctors and other medical staff in the district? I would also like to know how the government plans to deal with this situation which is affecting a large number of people and is also spreading. This is an epidemic.

**विधायक 3** - मेरे निर्वाचन क्षेत्र तोलपट्टी में भी पानी की कमी की गंभीर समस्या है। औरतों को पानी लाने के लिए 3-4 किलोमीटर तक चलना पड़ता है। मैं जानना चाहूँगा कि पानी पहुँचाने के लिए कितने टैंकरों को काम में लगाया गया है? कितने कुँओं और तालाबों की सफ़ाई करवाकर उन्हें संक्रमण-मुक्त किया गया है?

3-4

**MLA 3:** My constituency of Tolpatti too has a serious shortage of water. Women travel up to 3 or 4 kilometres to collect water. How many tankers have been put into service to supply water? How many wells and ponds have been cleaned and disinfected?

**विधायक 4** – मुझे लगता है कि मेरे साथी समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर बता रहे हैं। सरकार ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए कदम उठाए हैं। पानी के टैंकरों को काम में लगा दिया गया है। ओ.आर.एस. के पैकेट बाँटे जा रहे हैं। सरकार लोगों की मदद के लिए भरसक प्रयास कर रही है।

**MLA 4:** I think my colleagues are exaggerating the problem. The government has taken steps to control the situation. Water tankers have been put into service. ORS packets are being distributed. The government is doing everything possible to help people.

**विधायक 5** – हमारे अस्पतालों में सुविधाओं की हालत बहुत खस्ता है। कई ऐसे अस्पताल हैं, जिनमें कोई डॉक्टर नहीं है और चिकित्सा कर्मचारी पिछले कई सालों से नियुक्त ही नहीं किए गए है। दूसरे अस्पताल में डॉक्टर लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। यह शर्मनाक स्थिति है। मेरे ख्याल से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। हम यह कैसे सुनिश्चित करने वाले हैं कि प्रभावित क्षेत्र के सब परिवारों तक ओ.आर.एस. के पैकेट पहुँच जाएँ?

**MLA 5:** We have very poor facilities in our hospitals. There are hospitals that do not have a doctor and no medical staff has been appointed for the last few years. In another hospital, the doctor has gone on a long leave. This is a shame. I think the situation is going from bad to worse. How are we going to ensure that ORS packets reach all families in the affected areas?

**विधायक 6** – विरोधी पक्ष के सदस्य बिना वज़ह ही सरकार पर दोषारोपण कर रहे हैं। पिछली सरकार ने सफ़ाई पर कोई ध्यान नहीं दिया था। अब हमने कई बरसों से चारों तरफ़ फैले कूड़े को साफ़ कराने का अभियान शुरू किया है।

**MLA 6:** The opposition members are unnecessarily blaming the government. The previous government did not pay any attention to sanitation. We have now taken up a drive to clear the garbage that has been lying around for years.

क्या दिए गए चित्र में आप सत्ता पक्ष और विरोधी पक्ष के विधायकों को पहचान सकते हैं? सत्ता पक्ष के विधायकों को एक रंग से और विरोधी पक्ष के विधायकों को दूसरे रंग से रंगिए।

Can you identify the MLAs of the ruling party and the opposition in the illustration? Colour the ruling party in one colour and the opposition in another.

जो विधायक सोचते थे कि सरकार स्थिति को गंभीरता से नहीं ले रही है, वे मुख्य रूप से क्या-क्या तर्क दे रहे थे?

यदि आप स्वास्थ्य मंत्री होते, तो उपर्युक्त चर्चा का उत्तर किस प्रकार देते?

आपके विचार से क्या उपर्युक्त बहस कुछ अर्थों में उपयोगी रही? कैसे? चर्चा कीजिए।

व्याख्या कीजिए कि सरकार की कार्यप्रणाली में एक सामान्य विधायक और उस विधायक में, जो मंत्री भी है, क्या अंतर है?

What were the main arguments put forward by different MLAs who thought that the government was not taking the situation in a serious manner?

If you were the health minister, how would you respond to the above discussion?

Do you think the above debate would have been useful in some ways? How? Discuss.

In the working of the government, explain the difference between being an MLA and an MLA who is also a minister.

उक्त भाग में आपने विधानसभा में चल रही एक बहस के बारे में पढ़ा। सदस्य, सरकार द्वारा की गई या न की गई कार्रवाई पर बहस कर रहे थे। ऐसा इसलिए है, क्योंकि विधायक सामूहिक रूप से सरकार के काम के लिए उत्तरदायी होते हैं। सामान्य भाषा में 'सरकार' शब्द से तात्पर्य शासन के विभिन्न विभागों और मंत्रियों से होता है, जो उनके प्रभारी हैं। इन सबका सामूहिक प्रमुख 'मुख्यमंत्री'

सरकार

CM

In the earlier section you have read about a debate in the Legislative Assembly. The members were debating the action taken or not taken by the government. This is because the MLAs are together responsible for the work of the government. In common usage the word 'government' refers to government departments and various ministers who

होता है। सही मायने में तो यही सरकार का कार्यकारी हिस्सा यानी कार्यपालिका कहलाता है। दूसरी तरफ़ सारे विधायक, जो विधानसभा में एकत्र होते हैं, विधायिका कहलाते हैं। विधायिका के रूप में वे सरकार के कार्यकारी हिस्से को काम करने का अधिकार देते हैं और फिर उसके काम की जाँच भी करते हैं। जैसाकि आपने पाठ के प्रारंभ में देखा था, इन्हीं में से कार्यपालिका का प्रमुख या मुख्यमंत्री बनाया जाता है।

head them. The overall head is the chief minister. More correctly, this is called the executive part of the government. All the MLAs who gather together (assemble) in the legislative assembly are called the Legislature. They are the ones who authorise and supervise their work. As we saw in the earlier section, it is from among them that the head of the executive, or the chief minister is formed.

## शासन की कार्यप्रणाली

केवल विधानसभा में ही सरकार के काम के बारे में टीका-टिप्पणी और सरकार से कार्रवाई करने की माँग नहीं की जाती। आप नियमित रूप से अखबारों, टी.वी. चैनलों और अन्य संगठनों को सरकार के बारे में बातें करते देखते हैं। लोकतंत्र में अनेक माध्यमों द्वारा लोग अपने विचार व्यक्त करते हैं और कार्रवाई करते हैं। इसी तरह का एक तरीका यहाँ देखिए।

## Working of the government

The Legislative Assembly is not the only place where opinions are expressed about the work of the government and action is demanded. You will find newspapers, TV channels and other organisations regularly talking about the government. In a democracy, there are various ways through which people express their views and also take action. Let us look at one such way.

विधानसभा में चर्चा होने के थोड़े ही समय बाद स्वास्थ्य मंत्री की **प्रेसवार्ता** की गई। इसमें विभिन्न समाचारपत्रों के प्रतिनिधि काफ़ी संख्या में आए। इसमें मंत्री और कुछ शासकीय अधिकारी भी उपस्थित थे। मंत्री ने सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया। इस प्रेसवार्ता में अखबारों के संवाददाताओं ने अनेक प्रश्न पूछे। इन चर्चाओं की रिपोर्ट विभिन्न समाचारपत्रों में प्रकाशित हुई। अगले पृष्ठ पर ऐसी ही एक रिपोर्ट दी गई है।

Soon after the discussion in the assembly, there was a **press conference** organised by the health minister. Large numbers of people from different newspapers were present. The minister and some government officials were also present. The minister explained the steps the government had taken. Reporters asked many questions at this meeting. These discussions were then reported in different newspapers. The following page has one such report.

अगले सप्ताह मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री पातालपुरम जिले के दौरे पर गए। उन्होंने उन परिवारों से भेंट की, जिनके रिश्तेदारों की मृत्यु हो गई थी। वे अस्वस्थ लोगों को देखने अस्पताल भी गए। सरकार ने इन परिवारों के लिए मुआवज़ा राशि की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके विचार से समस्या केवल सफ़ाई की नहीं है, वरन् पीने के स्वच्छ पानी की कमी की भी है। उन्होंने कहा कि

During the next week, the chief minister and the minister for health visited Patalpuram district. They went to visit the families who had lost their relatives and also visited people in the hospitals. The government announced a compensation for these

सरकार ने कचरे की सुध ली...

## मुख्यमंत्री ने किया धनराशि का वादा

पातालपुरम | रवि आहुजा

पिछले कुछ सप्ताहों में राज्य के कुछ जिलों में अनेक लोग मौत का शिकार हो चुके हैं। इस बात पर तीव्र प्रतिक्रिया हुई है कि सरकार ने स्थिति को गंभीरतापूर्वक नहीं लिया है। आज हुई प्रेसवार्ता में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उनकी सरकार ने सभी जिलाधीशों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने हेतु निर्देश दिए हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण समस्या पीने के पानी की है। मंत्री महोदय ने कहा कि उनकी मंशा पानी के टैंकरों द्वारा हर गाँव में पीने का पानी पहुँचाने की है। मुख्यमंत्री ने इस कार्य के लिए धन उपलब्ध कराने का वचन दिया है। उनकी योजना एक जन अभियान चला कर लोगों को यह जानकारी देने की भी है कि किन उपायों द्वारा हैज़े से बचा जा सकता है। जब एक पत्रकार ने उनसे पूछा कि महीनों से जमा कचरे को जल्दी हटाने के लिए क्या किया जा रहा है, तो उन्होंने कहा कि वे इस बारे में देखेंगे...

## Government smells the garbage

**Chief Minister promises funds for work**

Patalpuram | Ravi Ahuja

During the last few weeks, there have been many deaths in some districts of our state. There has been a strong reaction that the government has not taken this seriously. The health minister explained today at a press conference that his government has asked all the collectors and the chief medical officers to take urgent measures. The most important problem is that of drinking water. The minister said that they intend to supply drinking water to every village through tanker trucks. The chief minister has promised funds for this work. They also plan to start a campaign to inform people about the steps that can be taken to prevent diarrhoea. When a reporter asked him as to what steps are being taken to see that garbage that has been lying around for months is quickly collected, the chief minister said that he would look into this.

हैज़े को नियंत्रण में लाने के लिए सरकार द्वारा किए गए दो उपाय लिखिए।

प्रेसवार्ता का क्या उद्देश्य है? प्रेसवार्ता आपको सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में किस प्रकार सहायक होती है?

Write two measures that the goverment undertook for controlling diarrhoea?

What is the purpose of a press conference? How does the press conference help you get information on what the goverment is doing?

एक उच्चस्तरीय जाँच समिति गठित की जाएगी, जो सफ़ाई सुविधाओं के लिए ज़िले की जरूरतों के बारे में विचार करेगी और लोक निर्माण मंत्री को दिशा-निर्देश देगा; ताकि वे क्षेत्र में पानी की उचित व्यवस्था पर ध्यान दे सकें।

families. The chief minister also said that he thought the problem was not only one of sanitation but also of a lack of clean drinking water. He said that a high-level enquiry committee will be asked to look into the needs of the district to provide sanitation facilities and would request the minister for Public Works to take care of the needs of proper water supply in the region.

जैसा आपने ऊपर देखा, वे लोग जो सत्ता में हैं, जैसे-मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री-उन्हें समस्याओं पर कार्रवाई करनी होती है। वे यह कार्य विभिन्न विभागों द्वारा करवाते हैं, जैसे-लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आदि। उन्हें

As you saw above, the people in power like the chief minister and the minister have to take action. They do so through various departments like the Public Works Department, the Agriculture Department, the Health Department, the Education

विधानसभा में उठाए गए प्रश्नों का भी उत्तर देना होता है और प्रश्न करने वाले लोगों को आश्वस्त करना होता है कि उचित कदम उठाए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ समाचारपत्रों व अन्य माध्यमों में भी इन विषयों पर चर्चा होती है, जिसका उत्तर सरकार को देना होता है- जैसे प्रेसवार्ता आयोजित करना।

Department and so on. They also have to answer questions that are asked in the Legislative Assembly and convince people asking the questions that proper steps are being taken. At the same time, newspapers and the media widely discuss the issue and the government has to respond, for example, by holding the press conferences.

सरकार, सफ़ाई और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नए कानून बनाने का भी निर्णय ले सकती है। उदाहरण के लिए - वह कानून बनाकर हर नगर निगम के लिए यह अनिवार्य कर सकती है कि शहरी क्षेत्रों

The government can also decide to make new laws for the state regarding sanitation and health facilities. For example, it may make it compulsory for municipal corporations to ensure that there are adequate toilets in every urban area. It may also

में पर्याप्त शौचालयों की व्यवस्था हो। यह भी सुनिश्चित किया जा सकता है कि हर ग्राम में एक स्वास्थ्यकर्मी की नियुक्ति हो। किसी विषय पर कानून बनाने का यह कार्य प्रत्येक राज्य की विधानसभा द्वारा किया जाता है। इसके पश्चात् विभिन्न शासकीय विभाग इन कानूनों का क्रियान्वयन करते हैं। पूरे देश के लिए कानून संसद में बनाए जाते हैं। संसद के बारे में आप अगले वर्ष पढ़ेंगे।

ensure that a health worker is appointed in every village. This act of making laws on certain issues is done in the Legislative Assembly of each state. The various government departments then implement these laws. Laws for the entire country are made in the Parliament. You will read more about the Parliament next year.

लोकतंत्र में विधायकों (एम.एल.ए.) के रूप में जनता अपने प्रतिनिधि चुनती है और इस तरह शासन मुख्यत: जनता का ही होता है। फिर सत्ता पक्ष के सदस्य सरकार बनाते हैं और कुछ सदस्यों को मंत्री बनाया जाता है। ये मंत्री सरकार के विभिन्न विभागों के प्रभारी होते हैं, जैसे-ऊपर दिए गए उदाहरण में स्वास्थ्य विभाग। इन विभागों द्वारा जो भी कार्य किया जाता है, उसे विधायिका द्वारा अनुमोदित या स्वीकृत कराया जाता है।

In a democracy, it is the people who elect their representatives as Members of the Legislative Assembly (MLAs) and, thus, it is the people who have the main authority. The ruling party members then form the government and some members are appointed ministers. These ministers are in charge of various departments of the government such as health in the above example. Whatever work is done by these departments has to be approved by the members of the legislative assembly.

लोकतंत्र में लोग अपना मत व्यक्त करने और सरकार का विरोध करने के लिए सभाएँ आयोजित करते हैं।

*In a democracy, people organise meetings to voice their opinions and protest against the government.*



| विभाग का नाम | उनके कार्यों के उदाहरण |
|---|---|
| स्कूल शिक्षा विभाग | |
| लोक निर्माण विभाग | |
| कृषि विभाग | |

| Name of department | Examples of their work |
|---|---|
| School Education | |
| Public Works Department | |
| Agriculture | |

## वॉलपेपर की परियोजना

वॉलपेपर एक मज़ेदार गतिविधि है, जिसके माध्यम से रुचि के किसी विषय पर शोध किया जा सकता है। यहाँ जो तसवीरें गईं हैं, वे कक्षा में वॉलपेपर बनाने के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत करती हैं।

**A wallpaper project**

A wallpaper is an interesting activity through which research can be done on particular topics of interest. The following photographs explain the different aspects involved in creating a wallpaper in a classroom.

अपने शिक्षक की सहायता से पता लगाइए कि उपरोक्त शासकीय विभाग क्या काम करते हैं और उन्हें तालिका में दिए गए रिक्त स्थानों में भरिए।

Find out with the help of your teacher, the work done by the government departments mentioned above, and fill in the table.

शिक्षिका चुने गए विषय का पूरी कक्षा को परिचय देती हैं और सँक्षिप्त चर्चा करके कक्षा को कुछ समूहों में बाँट देती हैं। समूह उस मुद्दे पर चर्चा करता है और तय करता है कि वॉलपेपर में क्या-क्या रखना चाहेगा। इसके बाद बच्चे अपने-आप या दो-दो की जोड़ी में इकट्ठी की गई सामग्री को पढ़ते हैं और अपने अनुभवों और विचारों को लिखते हैं। इसके लिए वे कविताओं, कहानियों, साक्षात्कारों, विवरणों आदि की रचना कर सकते हैं।

*After introducing the topic and having a brief discussion with the whole class, the teacher divides the class into groups. The group discusses the issue and decides what it would like to include in the wall-paper. Children then work individually or in pairs to read the collected material and write their observations or experiences. They can do this through creating stories, poems, case studies, interviews, etc.*





जो भी सामग्री चुनी गई, बनाई गई या लिखी गई, उसे समूह के लोग मिलकर देख लेते हैं। वे एक-दूसरे के लिखे हुए को पढ़ते हैं और अपने सुझाव देते हैं। वे मिल कर यह तय करते हैं कि वॉलपेपर में क्या-क्या जाएगा और फिर उसका ले-आउट बनाते हैं।

*The group looks at the material that they have selected, drawn or written. They read each other's writing and provide feedback to each other. They make decisions on what should be included and finalise the layout for the wallpaper.*

इसके बाद प्रत्येक समूह अपना वॉलपेपर पूरी कक्षा के सामने प्रस्तुत करता है। यह महत्त्वपूर्ण है कि समूह के एक से अधिक सदस्य को प्रस्तुत करने को कहा जाए और सभी समूहों को अपना काम बताने के लिए बराबर का समय मिले। जब सभी समूह अपना प्रस्तुतीकरण कर लें, तो समीक्षा के लिए ऐसे प्रश्न पूछना अच्छा रहता है- अपने-आप वे और क्या-क्या कर सकते थे? क्या करने से उनका काम और ज़्यादा व्यवस्थित हो जाता? लेखन और प्रस्तुतीकरण में सुधार के लिए क्या किया जा सकता था?



*Each group then presents the wallpaper to the entire class. It is important that more than one member of the group is asked to present and that each group is allotted the same amount of time to discuss their work. After each group has presented, it would be a good idea to have a feedback session on the following – What more could they do on their own? How could their work be organised better? How could writing and presentation be improved upon?*

अपने राज्य की सरकार के कार्य से जुड़े किसी अन्य मुद्दे पर ऐसा ही वॉलपेपर निकालने की एक परियोजना करो, जैसे ज्वर की महामारी, कोई शिक्षा कार्यक्रम, कानून और व्यवस्था का कोई विषय, मध्याह्न भोजन कार्यक्रम आदि।

Do a similar wallpaper project about any issue connected with the working of your State Government like an education programme, any law and order issue, midday meal scheme, etc.




*सन् 2006 में डेंगू की महामारी के विषय में यह वॉलपेपर कक्षा 6 बी, केंद्रीय विद्यालय, क्रमांक 2, हिन्डन, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों ने बनाया था।*

*This wallpaper about the 2006 dengue epidemic was prepared by children of Class VI B of Kendriya Vidyalaya II, Hindon, Ghaziabad, Uttar Pradesh.*

## अभ्यास

1. निर्वाचन क्षेत्र व प्रतिनिधि शब्दों का प्रयोग करते हुए स्पष्ट कीजिए कि विधायक कौन होता है और उसका चुनाव किस प्रकार होता है?
2. कुछ विधायक मंत्री कैसे बनते हैं? स्पष्ट कीजिए।
3. मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर विधानसभा में बहस क्यों होनी चाहिए?

## EXERCISES

1. Use the terms 'constituency' and 'represent' to explain who an MLA is and how is the person elected?
2. How did some MLAs become Ministers? Explain.
3. Why should decisions taken by the Chief Minister and other ministers be debated in the Legislative Assembly?

4. पातालपुरम में क्या समस्या थी? निम्नलिखित के द्वारा इस विषय में क्या चर्चा या कार्य किए गए? निम्न तालिका में भरिए -

| |
|---|
| आम सभा |
| विधानसभा |
| प्रेसवार्ता |
| मुख्यमंत्री |

4. What was the problem in Patalpuram? What discussion/ action was taken by the following? Fill in the table.

| |
|---|
| Public meeting |
| Legislative Assembly |
| Press conference |
| Chief Minister |

5. विधानसभा सदस्य द्वारा विधायिका में किए गए कार्यों और शासकीय विभागों द्वारा किए गए कार्यों के बीच क्या अंतर है?

5. What is the difference between the work that MLAs do in the Assembly and the work done by government departments?

## शब्द-संकलन

**निर्वाचन क्षेत्र** – इसका तात्पर्य एक निश्चित क्षेत्र से है, जहाँ रहने वाले सब मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनते हैं। उदाहरण के लिए, यह कोई पंचायत का वार्ड या वह क्षेत्र हो सकता है, जो विधानसभा सदस्य चुनता है।

**बहुमत** – इसका आशय ऐसी स्थिति से है, जब किसी समूह के आधे से अधिक संख्या में लोग किसी निर्णय या विचार से सहमत हों। इसे साधारण बहुमत भी कहा जाता है।

**विरोधी पक्ष** – इसका तात्पर्य उन चुने हुए प्रतिनिधियों से है, जो सत्ता पक्ष के सदस्य नही हैं और जिनकी भूमिका सरकारी निर्णयों और कार्यों पर प्रश्न उठाने और विधानसभा में विचार के लिए नए मुद्दे उठाने की होती है।

**प्रेसवार्ता** – मीडिया से संबंधित पत्रकारों का ऐसा समूह, जिसे किसी विषय पर अपना पक्ष बताने और उस पर प्रश्न पूछने के लिए आमंत्रित किया गया हो। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे मीडिया के माध्यम से इसके बारे में बड़े जनसमूह को बताएँगे।

MLA

## Glossary

**Constituency:** A particular area from which all the voters living there choose their representatives. This could be, for example, a panchayat ward or an area that chooses an MLA.


**Majority:** This is a situation when more than half the number in a group supports a decision or an idea. This is also called a simple majority.

50% + 1


**Opposition:** This refers to elected representatives who are not members of the ruling party and who play the role of questioning government decisions and actions as well as raise new issues for consideration in the Assembly.

**Press Conference:** A gathering of journalists from the media who are invited to hear about and ask questions on a particular issue and are then expected to report on this to the larger public.

# धन्यवाद



MLA
जनता
MLA
सरकार
राज्य
विधानसभा
Assembly
50%+1
सरकार
अधिकारी
जनता



विधानमंडल
State Legislature
विधानसभा
Legislative Assembly
MLA
विधान परिषद
Legislative Council
MLC
सरकार
Govt
50%+1
CM + मंत्री
अधिकारी